भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 192**

(जिसका उत्तर 03 फरवरी, 2020/14 माह, 1941 (शक) को दिया जाना है)

**बैंकों में जमा धनराशि**

192. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतोः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बैंकों में जमा धनराशि में कमी दर्ज की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) मार्च 2017, 2018 और 2019 में बैंकों में जमा धनराशि के प्रतिशत का वर्ष-वार ब्यौर क्या है; और

(घ) बैंकों में जमा धनराशि की स्थिति में सुधार करने हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

**(क) से (ग):** जी नहीं। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का कुल जमा चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम छमाही में 3.28 लाख करोड़ रुपए बढ़कर दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार 128.83 लाख करोड़ से 30.09.2019 की स्थिति के अनुसार 132.11 लाख करोड़ रुपए हो गया। वर्ष 2017, 2018 और 2019 में मार्च के महीने में एससीबी की वर्ष-दर-वर्ष कुल जमा वृद्धि क्रमश: 10.1%, 6.1% और 9.2% थी।

**(घ):** सरकार ने बैंक जमाराशियों में सुधार के लिए अनेक कदम उठाए है जिसमें, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित शामिल है :-

(i) प्रधानमंत्री जन-धन योजना: इस योजना के अंतर्गत 37.95 करोड़ खाते खोले गए है जिसमें दिनांक 22.01.2020 की स्थिति के अनुसार 1.13 लाख करोड़ रुपए की जमा राशि जुटायी गयी है।

(ii) प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी): प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के तहत 9.12 लाख करोड़ रुपए लाभार्थियों के खाते में सीधे अंतरित किए गए है। जिससे बैंक में जमाराशि के रूप में खाता आधारित लेन-देनों और बैंक में बचत संग्रह और उस पर ब्याज को बढ़ावा मिला है।

(iii) ग्रामीण क्षेत्रों में शाखा रहित बैंकिंग के लिए बैंक मित्र का नेटवर्क: 1.26 लाख से अधिक बैंक मित्रों की तैनाती की गई है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जमाराशियां जुटाने में सुधार हो रहा है।

(iv) शाखा नेटवर्क का विस्तार: एससीबी का घरेलू शाखा नेटवर्क विगत पांच वित्तीय वर्ष में बढ़कर 23,730 हो गया जिससे जमाराशियां जुटाने में मदद मिल रही है।

(v) भुगतान बैंक: नवम्बर, 2014 में आरम्भ हुए इस नए बैंक लाईसेंस श्रेणी के अंतर्गत 671 शाखाओं के साथ सात भुगतान बैंक अभी परिचालन में है जिसने दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार, 883 करोड़ रुपए के बैंक जमाओं को जुटाया है।

(vi) छोटे वित्त बैंक: नवम्बर, 2014 में आरम्भ इस नए बैंक लाइसेंस श्रेणी के तहत 2469 शाखाओं के साथ दस छोटे वित्त बैंक परिचालन में है, जिसने दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार, 55686 करोड़ रुपए के बैंक जमाराशि जुटायी है।

*****